आचार्यश्रीभद्रबाहुसूरिविरचिता

कल्पनिर्युक्तिः

(चूर्णि-अवचूर्णिसहिता)

आचार्यश्रीभद्रबाहुसूरिविरचिता

कल्पनिर्युक्तिः

(चूर्णिः-अवचूरिसहिता)

श्रुतभवन संशोधन केन्द्र

ग्रन्थनाम	:	**कल्पनिर्युक्तिः (चूर्णिः-अवचूरिसहिता)**
ग्रन्थकर्ता	:	**आ. श्रीभद्रबाहुसूरि**
अवचूरि	:	प्राचीन-**अज्ञात,** नवीन-**आ. श्रीमाणिक्यशेखरसूरि**
सम्पादक	:	**मुनिश्रीवैराग्यरतिविजयजीगणिवर**
भाषा	:	**प्राकृत+संस्कृत**
पत्र	:	२४+१११
प्रकाशक	:	**श्रुतभवन संशोधन केन्द्र - शुभाभिलाषा रीलीजीयस ट्रस्ट**
आवृत्तिः	:	**प्रथमा**

~: प्राप्तिस्थान :~

पूना	:	**श्रुतभवन संशोधन केन्द्र** ४७-४८, अचल फार्म, आगममंदिर से आगे, सच्चाइ माता मंदिर के पास, कात्रज, पुणे-४११०४६ Mo. 7744005728 (9-00am to 5-00pm) www.shrutbhavan.org Email : shrutbhavan@gmail.com
अहमदाबाद	:	**श्रुतभवन संशोधन केन्द्र (अहमदाबाद शाखा)** C/o. उमंग शाह बी-४२४, तीर्थराज कॉम्पलेक्स, वी. एस. हॉस्पिटल के सामने मादलपुर, अहमदाबाद-३८०००६, मो. ०९८२५१२८४८६
अक्षरांकन	:	**अखिलेश मिश्र, विरति ग्राफिक्स, अहमदाबाद** फोन : मो. ०८५३०५२०६२९, ७४०५५०६२३०

प्रकाशकीय

'श्रुत की सुरक्षा के साथ व्यापक अध्ययन एवं संशोधन में सहभागी होना' हमारा मुद्रालेख है । इस शास्त्र के सम्पादन में कल्पनिर्युक्ति, प्राचीन और नवीन अवचूर्णि के शब्दकोश एवं धातुकोश का संकलन किया है । इसकी उपयोगिता एवं मुद्रण सम्बन्धी मर्यादाओं को देखते हुए शब्दकोश एवं धातुकोश का परिशिष्ट डीजीटल रूप में (CD) सुरक्षित रखा है । आ.श्री माणिक्यशेखर सू.कृत कल्पनिर्युक्ति की पाण्डुलिपि के छायाचित्र भी CD में हैं ताकि कोई विद्वान् मूलप्रत का भी अवगाहन कर सके । जिज्ञासुओं के लिये इसकी कॉपी श्रुतभवन संशोधन केन्द्र से उपलब्ध हो सकती है ।

श्रुतभवन संशोधन केन्द्र की गतिविधि में विशेषत:

विद्वान् संशोधक पूज्य आचार्यदेव श्रीमद्विजय **मुनिचंद्रसूरिजीम.,**

प्राचीनश्रुतसंरक्षक पूज्य आचार्यदेव श्रीमद्विजय **हेमचंद्रसूरिजी म.,**

विद्वान् संशोधक पूज्य आचार्यदेव श्रीमद्विजय **विजयशीलचंद्रसूरिजी म.,**

सुविशालगच्छाधिपति पूज्य आचार्यदेव श्रीमद्विजय **पुण्यपालसूरिजी म.,**

उदारचेता पूज्य पंन्यासप्रवरश्री **वज्रसेनविजयजी** गणिवर के आशिष, मार्गदर्शन एवं सहायता प्राप्त होते रहते हैं । हम उनके चरणों में नतमस्तक होकर वंदन करते हैं ।

'कल्पनिर्युक्ति' एक छेद ग्रन्थ है । परम्परा में वर्णित अधिकृत महात्मा ही इसके पठन के अधिकारी है । पाठकवर्ग इस मर्यादा का ख्याल करके शास्त्र में प्रवेश करें । श्रुतभवन संशोधन केन्द्र की समस्त गतिविधियों के मुख्य आधार स्तंभ मांगरोळ (गुजरात) निवासी श्री चंद्रकलाबेन सुंदरलाल शेठ परिवार एवं भाईश्री (ईन्टरनेशनल जैन फाऊन्डेशन, मुंबई) के हम सदैव ऋणी है ।

दिनांक ६-१-१२

भरतभाई शाह
मानद अध्यक्ष

श्री सिद्धगिरिराज की छत्रछाया में

वि.सं. २०६७ वर्ष के जैनशासन शिरताज,

दीक्षायुगप्रवर्तक, तपागच्छाधिराज, पूज्य आचार्यदेव

श्रीमद् विजयरामचंद्रसूरीश्वरजी म.सा.के शिष्यरत्न

गुरुगच्छ विश्वासधाम, वर्धमान तपोनिधि,

पूज्य आचार्यदेव श्री विजयगुणयशसूरीश्वरजी म.सा.के शिष्यरत्न

प्रवचन प्रभावक पूज्य आचार्यदेव श्री विजयकीर्तियशसूरीश्वरजी म.सा.

एवं कुलदीपिका पूज्य साध्वीश्री राजनंदिताश्रीजी म.सा.के

सदुपदेशसे धानेरा निवासी

मातुश्री चंपाबेन जयंतिलाल दानसुंगभाई अजबाणी

धानेरा डायमंडस् परिवार द्वारा आयोजित चातुर्मास में

उत्पन्न ज्ञानद्रव्य से इस पुस्तक के प्रकाशन का

पुण्यलाभ लिया गया है।

आपकी श्रुतभक्ति की अनुमोदना ।

संपादकीय

दशाश्रुतस्कन्ध का आठवाँ कल्प नामक अध्ययन कल्पसूत्र के नाम से प्रसिद्ध है । दशाश्रुतस्कन्ध की निर्युक्ति के अन्तर्गत कल्प-अध्ययन की निर्युक्ति गाथाओं को 'कल्पनिर्युक्ति' कहा जाता है । दशाश्रुतस्कन्ध के ऊपर अनेक टीका, वृत्ति, पर्याय आदि विवरण उपलब्ध हैं । आ. श्री माणिक्यशेखरसूरि ने केवल कल्प-अध्ययन का विवरण करते हुए अवचूरि की रचना की है । प्रस्तुत ग्रन्थ की प्रधान सम्पाद्य वस्तु वही है । विषय को स्पष्टता से समझने के लिये प्रस्तुत सम्पादन में प्राचीन चूर्णि को भी स्थान दिया है । प्राचीन चूर्णी, **पवित्रकल्पसूत्र**[१] पुस्तक से उद्धृत है । आ.श्रीमाणिक्यशेखर सू. कृत अवचूर्णि प्रथमतया ही प्रकाशित हो रही है । भाण्डारकर भारतीय प्राच्य विद्या संशोधन संस्थान (भाण्डारकर ओरिएंटल रिसर्च सेन्टर) स्थित हस्तप्रत के आधार पर यह संशोधन सम्पन्न हुआ है ।

जैसा कि पहले कहा है–'कल्पनिर्युक्ति' दशाश्रुतस्कन्ध की निर्युक्ति का एक भाग है। अतः इसकी निर्युक्ति गाथाओं का क्रम दो प्रकार का रखा है । एक-दशाश्रुतस्कन्ध की निर्युक्ति का क्रम, दूसरा-कल्पअध्ययन की निर्युक्ति गाथाओं का क्रम । परिशिष्ट में दोनों प्रकार के क्रमों का उल्लेख किया है । कल्पनिर्युक्ति गाथाओं में भी न्यूनाधिक्य दिखाई देता है। प्रस्तुत सम्पादन में उभय चूर्णि में विवृत या तो उल्लिखित गाथाओं को ही स्थान दिया है। **'निर्युक्तिपञ्चक'**[२] में–

विज्जो ओसह निवयाहिवई (गाथा-१३) इस गाथा को कल्पनिर्युक्ति में नहीं गिना है। क्योंकि यह प्राचीन चूर्णि में व्याख्यात नहीं है । लेकिन आ. श्रीमाणिक्यशेखरसूरि म. की चूर्णि में इसकी व्याख्या है, इसलिये उसे यहाँ स्थान दिया है ।

पसत्थ विगतिग्गहणं तत्थ वि य असंचइय उ जा उत्ता ।
संचइय ण गेण्हंती, गिलाणमादीण कज्जट्ठा ॥ (८२/२१ नि.पं.)

इस गाथा को निर्युक्तिपञ्चक में अतिरिक्त गिना है । दोनों चूर्णियों में इसकी व्याख्या न होने से इसका यहाँ समावेश नहीं किया गया है ।

डगलच्छारे लेवे छड्डाण गहणे तहेव धरणे य ।
पुंछण गिलाण मत्तग, भायण भंगावि हेतू से ॥ (गा. ८८ नि.पं.)

---

१. सम्पादक-मुनिराजश्री पुण्यविजयजी म., प्रकाशकः साराभाई नवाब ।

२. जैन विश्व भारती, लाडनूं से प्रकाशित ।

यह गाथा चूर्णि में व्याख्यात नही है, अतः इसका भी समावेश यहाँ नहीं है ।

यद्यपि इस गाथा का विवरण प्राचीन चूर्णि में है और अर्थ संगति की दृष्टि से प्रस्तुत भी है । क्योंकि उसके विना द्रव्यस्थापना के सातवें अचित्त द्वार की व्याख्या अधूरी रहती है ।

चउसु कसाएसु गती निरयतिरि माणुसे य देवगती ।
उवसमह णिच्च कालं सोग्गइ मग्गं वियाणंता ॥ (नि.पं. १०४/१)

यह गाथा भी चूर्णि में व्याख्यात नहीं है । निर्युक्तिपञ्चक में भी इसे अतिरिक्त गिना है । अतः यहाँ भी समाविष्ट नहीं है ।

प्राचीन चूर्णि एवं आ. माणिक्यशेखरसूरि के अवचूर्णि की निर्युक्ति गाथा में कुछ पाठ-भेद मिलते हैं, वह निम्नप्रकार हैं,

गाथा क्र.	**प्राचीन चूर्णि**	**आ. माणिक्यशेखरसूरिजी की चूर्णि**
गाथा ७	मासट्ठ	मासेट्ठ
गाथा ८	महिगा तो	अहिगा तु
गाथा ८	असाहगवाघाएण	साहगवाघाएण (प्रा. चूर्णेः पाठः सम्यक्)
गाथा १८	ठियाण जाव	ठियाणऽतीए (अव. अनुसारेण जाव. इत्येव सम्यक्)
गाथा २४	मोत्तूण	मोत्तूणं
गाथा ३८	पाणाणं	पाणा
गाथा ४७	रद्धेय	लद्धेय (अर्थभेद)
गाथा ५१	पंडरज्ज	पंडुरज्ज
गाथा ५२	सुवट्ठाइऽति कोवे	सुवट्ठाऽतिकोवे
गाथा ५५	गिण्हावइ	गाहावइ
गाथा ५७	पंडरज्जा	पंडुरज्जा
गाथा ५९	वेरग्गी	वेरग्ग
गाथा ६०	गतवइरे	गतवेरे
गाथा ६१	पच्छित्ते बहु पाणा	पच्छित्तं बहु पाणा
गाथा ६७	अ पंचमए	अ पच्छिमए

कल्पनिर्युक्ति की प्राचीन चूर्णि एवं आ. माणिक्यशेखरसूरि की अवचूर्णी में कुछ व्याख्याभेद भी मिलते हैं, वह निम्न प्रकार हैं :

१. प्राचीन चूर्णि में पर्युषण शब्द के नौ गौण=गुणनिष्पन्न नाम बताये हैं । आ. माणिक्यशेखरसूरि. कृत अवचूर्णि में इनकी संख्या दस है, प्राचीन चूर्णि में पर्यायव्यवस्थापना और पर्युसमणा को एक ही गिना है ।

२. गाथा ९ : 'साहग' और 'असाहग' शब्द भेद है, अर्थ एक ही है, वैसे 'अ' होना चाहिए ।

३. गाथा २४ : प्राचीन चूर्णि में 'यहाँ से क्षेत्राधिकार प्रारम्भ होता है ।' और 'विदिशा को क्यों ग्रहण नहीं किया ?' इस प्रश्न का समाधान; ये दो बातें स्पष्ट की हैं ।

४. गाथा २७ : प्राचीन चूर्णि में 'दगघट्ट' इस 'पारिभाषिक' शब्द का अर्थ स्पष्ट किया है ।

५. गाथा २९ : आहार व्युत्सर्जन की स्पष्टता प्राचीन चूर्णि में है ।

६. गाथा ३० । 'विगति' का अर्थ प्राचीन चूर्णि में स्पष्ट किया है, 'संयम से असंयम में जाना ।' चातुर्मास विगइ त्याग करने का कारण स्पष्ट किया है, 'बिजली और बादलों की आवाज सुनकर मोह में विवृद्धि होती है ।'

७. गाथा ३५ : प्राचीन चूर्णि में वर्षाकाल में दीक्षा न देने के कारण बताये हैं ।

८. गाथा ३८ : समिति पालन की उपयोगिता प्राचीन चूर्णि में है, पाँच समिति के उदाहरण प्रस्तुत हैं ।

चूर्णि एवं अवचूर्णि के कर्ता

कल्पनिर्युक्ति की प्राचीन चूर्णि के कर्ता अज्ञात है । निशीथ शेष चूर्णि के कर्ता श्री जिनदासगणि महत्तर से वे भिन्न होने चाहिये । क्योंकि दोनों की शैली में पर्याप्त अन्तर दिखाई देता है । इतना तो स्पष्ट है कल्पनिर्युक्ति के चूर्णिकार निर्युक्ति रचना के बाद तुरन्त में हुए है । 'पवित्र कल्पसूत्र' में आगम प्रभाकर पू.मु.श्री पुण्यविजयजी म. ने भी इनको अज्ञात ही माना है ।

अवचूर्णि के कर्ता-श्री माणिक्यशेखरसूरिजी., आ. माणिक्यसुन्दरसूरिजी इस नाम से भी प्रसिद्ध हैं । इनका काल एवं इतिवृत्त अद्यावधि कालगर्भ है । आ. माणिक्यसुन्दरसूरिजी, आ. जयशेखरसूरिजी के पास पढ़े थे । इनकी नौ रचनाएँ उपलब्ध हैं । (१) सं. १४६३ में 'श्रीधरचरित्र सं. (कां. छाणी), (२) चतुःपर्वीकथा चम्पू, (३) शुकराज कथा (भां, १ नं. ८३, प्र. हंसविजय जैन फ्री ग्रन्थमाला नं. २०), (४) अजापुत्र कथा, (५) संविभागव्रत कथा, (६) पृथ्वीचन्द्र कथा, (७) सं. १४७८ में 'गुणवर्मा चरित्र' और (८) सं. १४८४ में (कां. छाणी, बुह. ४, नं. २४१, खेडा भं.), 'साचोर, चन्द्रधवल, धर्मदत्त कथा (बुह. ३, नं. १६०. कां.

छाणी, रीपोर्ट, १८७२-७३, नं. १६०, वे.नं. १७४४), उसके उपरान्त गुजरात के राजा शंख की सभा में (टीका में उसकी प्रशस्ति-**शंखस्य नरेश्वरस्य पुरतोऽप्यूचे**) कथित (९) महाबल-मलयासुन्दरी चरित्र सर्ग : ४ (कां. छाणी, पी १, नं. ३१३) उपलब्ध है[१] ।

मो.द. देसाई के 'जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास' के अनुसार आ. माणिक्यशेखरसूरिजी आ. माणिक्यसुन्दरसूरिजी से भिन्न है । आंचलगच्छ के आ. श्रीजयशेखरसूरि, के शिष्य आ. श्रीमेरुतुंगसूरि हुए । उनके दो शिष्य थे (१) आ. **माणिक्यसुन्दरसूरि** (जिनकी रचनाओं का उल्लेख 'जैन परम्परानो इतिहास' में है) (२) आ. **माणिक्यशेखरसूरि** । उनकी आठ रचनाएँ हैं । (१) कल्पनिर्युक्ति अवचूरि (बुह. ७, नं. १९), (२) आवस्सयसुत्तणिज्जुत्ती-टीकादीपिका (बुह्. ८, नं. ३७३), (३) श्रीओघनिर्युक्तिदीपिका, (४) पिण्डनिर्युक्तिदीपिका (बुह्.) ८ नं. ३८९), (५) दसवेयालियणिज्जुत्तीदीपिका, (६) उत्तरज्झयणदीपिका, (७) आचारांगसुत्तदीपिका, (८) नवतत्त्व विवरण आदि है । गुजराती गद्य में उनकी रचना ''पृथ्वीचन्द्र चरित्र'' के बारे में जानकारी मिलती है । उपर्युक्त प्रत्येक 'माणिक्यांक' है । उनकी उपलब्ध रचना आवश्यकनिर्युक्तिदीपिका के अनुसार इनके गुरु का नाम आ. श्री मेरुतुंगसूरि है, ऐसा ज्ञात होता है । आचारांग दीपिका और नवतत्वविवरण से समझ में आता है, कि ये सभी एक ही कर्ता के रचे हुए सहोदर रूप हैं (एककर्तृतया ग्रन्था अमी अस्याः सहोदराः) । इससे अधिक उनके समय आदि के बारे में अन्य कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है[२] ।

आ.श्रीमाणिक्यशेखरसूरिजी अंचलगच्छीय आ.श्रीमहेन्द्रप्रभसूरिजी के शिष्य आ.श्रीमेरु-तुंगसूरिजी के शिष्य हैं, आवश्यकनिर्युक्ति-दीपिका के उपरान्त उनकी अन्य कृतियाँ भी हैं : १. दशवैकालिकनिर्युक्ति-दीपिका, २. पिण्डनिर्युक्तिदीपिका, ३. ओघनिर्युक्तिदीपिका, ४. उत्तराध्ययनदीपिका, ५. आचार-दीपिका की प्रशस्ति इस प्रकार है :

ते श्रीअञ्चलगच्छमण्डनमणिश्रीमन्महेन्द्रप्रभ-
श्रीसूरीश्वरपट्टपङ्कजलसमुल्लासोल्लसद्भानवः ।
तर्कव्याकरणादिशास्त्रघटनाब्रह्मायमाणाश्चिरं,
श्रीपूज्यप्रभुमेरुतुङ्गगुरवो जीयासुरानन्ददाः ॥१॥

तच्छिष्य एष खलु सूरिरचीकरत् श्री-
माणिक्यशेखर इति प्रथिताभिधानः ।
चञ्चद्विचारचयचेतनचारुमेनां,
सद्दीपिकां सुविहितव्रतिनां हिताय ॥२॥

---

१. जैन परम्परानो इतिहास भाग. २, पृष्ठ ४१७, इ.स. २००१ का प्रकाशन ।

२. मो.द.देसाई का जैन साहित्य नो संक्षिप्त इतिहास ।

मुनिनिचयवाच्यमाना तमोहरा दीपिका पिण्डनिर्युक्तेः ।
ओघनिर्युक्तिदीपिका दशवैकालिकस्याप्युत्तराध्ययनदीपिके ॥३॥
आचारदीपिकानवतत्त्वविचारणं तथास्य ।
एककर्तृतया ग्रन्था अमी अस्याः सहोदराः ॥४॥

आ.श्रीमाणिक्यशेखरसूरिजी संभवतः विक्रम की १५वीं सदी में विद्यमान थे । अंचल-गच्छीय मेरुतुंगसूरिजी के शिष्य आ.श्रीजयकीर्तिसूरिजी ने वि. सं. १४८३ में एक चैत्य की देरी की प्रतिष्ठा की थी; जिसका लेख इस प्रकार है : *'संवत् १४८३ वर्षे प्रथम वैशाख शुद १३ गुरौ श्रीअंचलगच्छे श्रीमेरुतुंगसूरीणां पट्टधरेण श्रीजयकीर्तिसूरीश्वर सुगुरूपदेशेन... श्रीजिराउला पार्श्वनाथस्य चैत्ये देहरि (३) कारापिता ।'* प्रस्तुत दीपिका के प्रणेता आ.श्रीमाणिक्यशेखरसूरिजी भी अंचलगच्छीय आ.श्रीमेरुतुंगसूरिजी के शिष्य हैं । इसलिये जयकीर्तिसूरिजी और आ.श्रीमाणिक्यशेखरसूरिजी के गुरुभ्राता के जैसे मानने पर दीपिकाकार आ.श्रीमाणिक्यशेखर-सूरिजी का समय विक्रम की पन्द्रहवीं शताब्दी का साबित होगा । दूसरी बात यह भी है कि ग्रन्थ की वि.सं. १५५० से पहले लिखी हुई कोई प्रत नहीं है जिसके आधार पर उन्हें अधिक प्राचीन साबित कर सकें ।

हस्तप्रत

दशाश्रुतस्कन्ध पर जो टीका साहित्य उपलब्ध है उसकी पाण्डुलिपियाँ कहाँ-कहाँ हैं इसकी सूची निम्नप्रकार है, यह सूची जिनरत्नकोश[१] से ली गयी है ।

१. दशाश्रुतस्कन्ध चूर्णिः ग्रं. २२२५ ।

१. श्री हंसविजयजी महाराज ग्रन्थालय, वडोदरा । नं. ५८१ ।

२. शान्तिनाथ मन्दिर, भण्डार, खम्भात । पोथी नं. ४९ (प्रत नं. २), पोथी नं. ५१ (प्रत नं. १) ।

३. ज्ञानविमलसूरि भण्डार, खम्भात । नं. ७१ ।

४. जेसलमेर का बडा भाण्डार । नं. १३६५ ।

५. सम्मतिरत्न सूरि भण्डार, खेडा । नं. ८८, (वर्तमान में यह ज्ञानभण्डार आनन्दजी कल्याणजी पेढी, अहमदाबाद में है ।)

६. भंठ की कुण्डी, भण्डार-जेसलमेर । नं. २९० ।

७. फोफलिया वाडा, वखतजी शेरी, भण्डार, पाटन । पोथी नं. ४५ (प्रत नं. २, ३) ।

---

१. सं. हरि दामोदर वेलणकर (एम.ए.) ।

८. आगली सेरी, फोफलिया वाडा, भण्डार, पाटन । पोथी नं. २३ (प्रत नं. ३) ।

९. चुनीलाल मुलजी भण्डार, झवेरी वाडा, पाटन । पोथी नं. ६ (प्रत नं. ६) ।

१०. वाडी पार्श्वनाथ पुस्तक भण्डार, झवेरी वाडा, पाटन । पोथी नं. १० (प्रत नं. १), पोथी नं. १९ (प्रत नं. १२), पोथी नं. २३ (प्रत नं. १०) ।

११. जैनानन्द भण्डार, गोपीपुरा, सुरत, नं. १७४२ ।

१२. पार्श्वनाथ मन्दिर, जेसलमेर , नं. ४५२ ।

इनके अलावा जिन सूचीपत्रों में इस दशाश्रुतस्कन्ध चूर्णि का उल्लेख है वह निम्न प्रकार है ।

१. बृहत् टिप्पणक, नं. ३६ ।

२. डॉ. बुल्हेर का तीसरा संकलन, जो "The Collection of 1872-1873" के नाम से विख्यात है, नं. १०५ ।

३. जेसलमेर भण्डार का पाण्डुलिपियों का सूचीपत्र, गायकवाड ओरियण्टल सिरिज्, बडोदा, १९२३ में प्रकाशित । pp. 2; 43; (compare DI. P.24)

४. जैन ग्रन्थावली अथवा जैन कार्यों की सूची । वह जैन श्वेताम्बर कॉन्फरन्स प्राप्त है और उन्ही के द्वारा Bombay Pydhoni, 1909 से प्रकाशित है । पेज १४

५. डॉ. किल्होर्न कि संग्रहित तीसरी सूची वह "The Collection of 1881-1882" इस नाम से भी ज्ञात है । नं. १५८,

६. डॉ. पिटरसन का तीसरा रिपोर्ट, पेज १४२, १८१ ।

७. डॉ. पिटरसन का चौथा रिपोर्ट, नं. १२६३, १२६४, परिशिष्ट पत्र नं. १०० ।

१. दशाश्रुतस्कन्ध टीका :

इसे 'जनहिता' कहते हैं, और इसका संकलन ब्रह्ममुनि या ब्रह्मसूरि ने किया है, जो तपागच्छ के पार्श्वचन्द्र के शिष्य हैं । (ग्रं. ५१५०, आदि-यथास्थितशेष) ।

१. विजयधर्म लक्ष्मी ज्ञानमन्दिर, बेलनगंज, आगरा । नं. २०४,

२. मुनि श्री कांतिविजयजी ग्रंथालय, नरसिंहजी पोल, वडोदरा, नं. ३०२ ।

३. डेलाउपाश्रय भण्डार, अहमदाबाद । पोथी नं. १४ (प्रत नं. २९, ३०), पोथी नं. ७३ (प्रत नं. १०) ।

४. डेला उपाश्रय भण्डार, अहमदाबाद । पोथी नं. ७ (प्रत नं. ७, ८) ।

५. श्री हंसविजयजी महाराज, ग्रन्थालय । नं. १५७७ ।

६. श्री हरिसागरगणि, जयपुर का अन्तर्गत भण्डार । नं. १९ (दिनांक : संवत् १६५१) ।

७. श्री हरिसागरगणि, जयपुर का बाह्य भण्डार, नं. २० ।

८. लिमडी भण्डार, लिमडी, जि. अहमदाबाद, नं. २०४, ४५६ ।

९. जैनानन्द भण्डार, गोपीपुरा, सुरत, नं. १६२ ।

१०. विमल गच्छ, उपाश्रय भण्डार, अहमदाबाद । डाभडा नं. ७ (पोथी नं. १४, १७) ।

इनके अलावा जिन सूचीपत्रों में इस टीका का उल्लेख है वह निम्न प्रकार है ।

१. डॉ. बुल्हेर का चौथा संकलन, जो "The Collection of 1873-1874", इस नाम से विख्यात है, नं. १५६ ।

२. जैन ग्रन्थावली प्रकाशक जैन श्वेताम्बर कॉन्फरन्स–Bombay Pydhoni, 19091 पत्र नं. १४ ।

३. प्रा. ए.बी. काथवटे, का रिपोर्ट । यह संकलन "The Collection of 1895-1902", इस नाम से विख्यात है, जो अभी भाण्डारकर संशोधन केन्द्र में स्थित है, नं. १०८९ ।

३. टीका : अज्ञात ।

१. बीकानेर के महाराजा का ग्रन्थालय, नं. १६५३ ।

२. संस्कृत कॉलेज, बनारस, नं. ४७२, ७१७ ।

३. श्री जैनानन्द पुस्तकालय, गोपीपुरा, नं. ७, ८ ।

४. जेसलमेर भण्डार का पाण्डुलिपियों का सूचीपत्र, गायकवाड ओरियण्टल सिरिझ, बडोदा, १९२३ में प्रकाशित, पत्र नं. ४३ (न. ३४०) ।

४. पर्याय :

१. भाण्डारकर प्राच्य–विद्या संशोधन केन्द्र, पूणे, हस्तप्रत सूची Vol.XVII. pts. 1 से 3, Nos. 494; 495.

प्रस्तुत सम्पादन में उपयुक्त सामग्री को परिशिष्ट में स्थान दिया है ।

परिशिष्ट :

प्रथम परिशिष्ट में कल्पनिर्युक्ति का छाया एवं अनुवाद का ग्रहण किया है जो **दशाश्रुतस्कन्धनिर्युक्ति : एक अध्ययन** (लेखक–**डॉ. अशोककुमार सिंह**) से लिया है ।

द्वितीय परिशिष्ट में **निर्युक्तिपञ्चक**[१] में प्रदत्त कल्पनिर्युक्ति का पाठान्तर सहित मूलपाठ प्रस्तुत है ।

तृतीय परिशिष्ट में पदानुक्रम है ।

चतुर्थ परिशिष्ट में निशीथसूत्रचूर्णि के दशमउद्देशक का संकलन है । तुलनात्मक दृष्टि से यह उपयोगी है ।

पाँचवें परिशिष्ट में कल्पनिर्युक्ति की अन्य ग्रन्थों से तुलना प्रस्तुत है । इसे **निर्युक्तिपञ्चक** से उद्धृत किया है ।

छठे परिशिष्ट में चूर्णि और अवचूर्णि में व्याख्यात परिभाषाएँ हैं ।

सातवें परिशिष्ट में कल्पनिर्युक्ति में इंगित दृष्टान्तों का संकलन है, यह भी **निर्युक्तिपञ्चक** से उद्धृत है ।

इसके अतिरिक्त कल्पनिर्युक्ति तथा प्राचीन और नवीन का शब्दकोश एवं धातुकोश भी वर्गीकरण के साथ तैयार किया है ।

कृतज्ञता :

पू.पा.विद्वान् संशोधक **आ.दे.श्री वि.मुनिचंद्रसूरि.म.**ने श्रुतभवन संशोधन केन्द्र की समस्त गतिविधियों को अपना ही समझकर संशोधन के हरेक क्षेत्र में प्रेरणा और सहकार्य प्रदान किया है । आपके प्रति कृतज्ञता सिर्फ शब्दों से अभिव्यक्त नहीं हो सकती । कल्पनिर्युक्ति अवचूर्णि की हस्तप्रत का लिप्यन्तरण, संपादनोपयुक्त सामग्री का संकलन, परिशिष्टनिर्माण आदि प्रधान कार्य **सुकुमार जगताप** (M.A.) ने किया है । इसे शुद्ध और सुन्दर रूप देने में **अमितकुमार उपाध्ये** एवं **महेश देसाई** ने मदद की है । और इसका अक्षरांकन **विरति ग्राफिक्स** के **अखिलेश मिश्र** ने किया है । ये सब साधुवादार्ह हैं ।

सम्पादन में रही त्रुटियों को सूचित करने हेतु विद्वज्जन से अनुरोध है ।

२०६८, मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशी — **वैराग्यरतिविजय**

श्रुतभवन संशोधन केन्द्र

---

१. संपा.-आचार्य महाप्रज्ञ, प्रका. जैनविश्वभारती विश्वविद्यालय लाडनूं ।

कल्पनिर्युक्ति परिचय

श्वेताम्बर आम्नाय सम्मत पैंतालीस आगमों का ११ अंग, १२ उपांग, १० प्रकीर्णक, ६ छेद, ४ मूल, १ नंदी और १ अनुयोगद्वार इस प्रकार वर्गीकरण किया गया है । उसमें चौथा छेदसूत्र दशाश्रुतस्कन्ध है । उसका दूसरा नाम आचारदशा है । दश अध्ययन होने से यह दशाश्रुतस्कन्ध नाम से पहचाना जाता है । इसमें २१६ सूत्र और ५२ श्लोक हैं ।

दशाश्रुतस्कन्ध के आठवें अध्ययन का नाम 'कल्प' है । परिभाषा से कल्प का अर्थ 'पर्युषणा' किया जाता है । वर्तमान में प्रचलित 'कल्पसूत्र' दशाश्रुतस्कन्ध के आठवें अध्ययन में ही गिना जाता है । इस सूत्र के रचयिता आ.श्री भद्रबाहुसू. म. (प्रथम) हैं । इस सूत्र के ऊपर आ. श्री भद्रबाहुसूरि म. (द्वितीय-आठवीं शताब्दी) रचित निर्युक्ति है, जिसे कल्पनिर्युक्ति कहा जाता है । सोलहसौ साल पुरानी चूर्णि भी है । इस लघु प्रबन्ध में कल्पनिर्युक्ति का परिचय प्रस्तुत है ।

जैनागमों पर सामान्यतः संक्षिप्त शैली से सूत्र की प्रस्तावनारूप, सूत्र को समझने के लिए आवश्यक पदार्थों, विषयों की स्पष्टता, पूर्तिरूप निर्युक्ति होती है । वर्तमान में मात्र ८+२ आगमों पर ही निर्युक्ति मिलती हैं । परम्परा से निर्युक्तियों के कर्ता श्रुतकेवली श्री भद्रबाहुस्वामी कहे जाते हैं । निर्युक्तियाँ पद्यबद्ध—गाथामय ही होती हैं और इनकी भाषा अर्धमागधी-प्राकृत होती है । निर्युक्तियों में कालक्रम से भाष्य की अनेक गाथाएँ सम्मिलित हो गई हैं जिन्हें अलग कर पाना दुष्कर कार्य है ।

ज्यादातर आगमिक टीकाएँ व प्राचीन चूर्णियाँ प्रधानतः यथोपलब्ध निर्युक्तियों पर ही लिखी गई हैं । निर्युक्तियाँ आगमों के सिवाय अन्य साहित्य पर नहीं मिलतीं । निर्युक्ति में निक्षेप के द्वारा अर्थ का विवरण किया जाता है ।[१]

अवचूर्णि : मोटे (बड़े) दल का चूरा करना अवचूर्णि के नाम से जाना जाता है। अवचूर्णि प्रधानतः संस्कृत में होती है । अवचूर्णि प्रायः तीन प्रकार की होती है, १. टीका के संक्षिप्तीकरण रूप, २. टिप्पण के विस्तृतीकरण रूप, ३. स्वतन्त्र अवचूर्णि ।

---

१. कैलास श्रुतसागर ग्रन्थसूची, जैन हस्तलिखित साहित्य-खण्ड-१, हस्तप्रत : एक परिचय ।

परिचय :

कल्पनिर्युक्ति कल्पसूत्र की प्रस्तावना है । कल्प अध्ययन की निर्युक्ति जिनचरित्र और स्थविरावली को स्पर्श नहीं करती । सिर्फ पर्युषणकल्प के आचार सम्बन्धी सूत्रों का विवरण करती है । निर्युक्ति के चार घटक हैं । निक्षेप, एकार्थ, निरुक्त और दृष्टान्त । पर्युषणा शब्द के पर्यायवाची शब्द दस हैं ।[१]

१. परियाययववत्थवणा, २. पज्जोसमणा, ३. पागइया, ४. परिवसना ५. पज्जोसणा, ६. पज्जोसवणा, ७. वासावास, ८. पढमसमवसरण, ९. ठवणा और १०. जेट्ठावग्गह ।

१. 'परियाययववत्थवणा अर्थात् पर्यायव्यवस्थापना ।' श्रमण परम्परा में पर्युषणा को अत्यन्त महत्व प्राप्त है । यहाँ तक की दीक्षा वर्ष की गणना का आधार भी पर्युषणा को माना जाता था । पर्युषणा काल को वर्ष मान कर दीक्षापर्याय की गणना की जाती थी । इसलिए पर्युषणा का पहेला नाम पर्यायव्यवस्थापना है ।

२. 'पज्जोसमणा अर्थात् पर्युषमणा ।' चातुर्मास काल में ऋतुबद्ध काल (चातुर्मास अतिरिक्त आठ मास-महिने) के द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव का त्याग किया जाता है, अतः पर्युषणा का दूसरा पर्याय पज्जोसमणा है ।

३. 'पागइया अर्थात् प्राकृतिका ।' पर्युषणा गृहस्थ श्रावक के लिये भी समान रूप से आराध्य है, इसलिये पर्युषणा का तीसरा पर्याय पागइया है ।

४. 'परिवसना अर्थात् समग्रता से एक स्थान में निवास करना ।' चातुर्मास में श्रमण वर्ग विहार का त्याग करते हैं, अतः पर्युषणा का चौथा पर्याय परिवसना है ।

५. 'पज्जोसणा' अर्थात् 'पर्युषणा' शब्द का अर्थ पहले कहा जा चुका है ।

६. 'पज्जोसवणा अर्थात् पर्युपासना' । चातुर्मास में श्रमण चातुर्मास सम्बन्धी द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव को स्वीकार करते हैं, इसलिये पर्युषणा का छट्ठा पर्याय पर्युपासना है ।

७. 'वासावास अर्थात् वर्षावास ।' वर्षाऋतु में श्रमण चार महिनों तक एक स्थान में निवास करते हैं । इसलिये पर्युषणा का सातवाँ पर्याय वासावास है ।

८. 'पढमसमवसरण अर्थात् प्रथम समवसरण ।' समवसरण शब्द कई अर्थ में प्रचलित है। एक है—आगमन । वर्षाऋतु में चार महिनों तक एक स्थान में निवास करने हेतु श्रमणों का योग्य क्षेत्र में आगमन होता है । दूसरा है—देशना भूमि । चातुर्मासिक स्थिरता में श्रमण नियमित रूप से उपदेश देते हैं । उसका प्रारम्भ पर्युषणा में होता है। तीसरा है—एकत्र संमीलन । शेषकाल में विभिन्न क्षेत्र में विहार कर रहे श्रमण चातुर्मास में एकत्रित होते हैं । अतः पर्युषणा का आठवाँ पर्याय पढमसमवसरण है ।

---

१. सन्दर्भ-क.नि. १-२ ।

९. 'ठवणा अर्थात् स्थापना।' ऋतुबद्ध काल की अपेक्षा चातुर्मास काल की मर्यादा भिन्न होती है। जिसकी स्थापना पर्युषणा में की जाती है, इसलिये पर्युषणा का नौवाँ पर्याय ठवणा है।

१०. 'जेट्ठावग्गह अर्थात् ज्येष्ठावग्रह।' ऋतुबद्ध काल की अपेक्षा चातुर्मास काल का क्षेत्रावग्रह अधिक होता है। ऋतुबद्ध काल में एक-एक माह का क्षेत्रावग्रह होता है, जब कि चातुर्मास में वह चार माह का होता हैं। अतः पर्युषणा का दसवाँ पर्याय जेट्ठावग्गह है।

चातुर्मास का प्रारम्भ आषाढी पूर्णिमा से होता है। इस तिथि तक साधु चातुर्मास योग्य क्षेत्र में पहुँच जाते हैं, तो आषाढ़ वदि पञ्चमी से पर्युषणा कल्प अर्थात् वर्षावास का प्रारम्भ हो जाता है। योग्य क्षेत्र न मिलने पर पाँच दिन अन्वेषण करके आषाढ़ वदि दसमी, से वर्षावास का प्रारम्भ होता है। इस प्रकार पाँच-पाँच दिन की मर्यादा को बढ़ाते श्रावण वदि अमावास्या तक योग्य क्षेत्र का अन्वेषण होता है। इसके बाद जिस क्षेत्र में हो वहीं वर्षावास करने की मर्यादा है। यहाँ तक की वृक्ष के नीचे भी वर्षावास कर लेना चाहिए। भाद्रपद शुक्ला पञ्चमी अन्तिम तिथि है। पर्युषणा कल्प इस तिथि के बाद नहीं होता। तात्पर्य यह है कि, चातुर्मास रूप पर्युषणा कल्प का प्रारम्भ आषाढ़ी पूर्णिमा से श्रावण वदि अमावास्या तक अनुकूल तिथि में हो सकता है, भाद्रपद शुक्ला पञ्चमी की रात्रि बीत जाने पर नहीं हो सकता। पर्युषणा पद के इन पर्यायवाची शब्दों में अर्थ से भेद नहीं है।

निर्युक्ति में निक्षेप के द्वारा अर्थ का विवरण किया जाता है। ५४वीं गाथा में पर्युषणा शब्द के स्थापना पर्याय को उदाहरण बनाकर उसके अर्थ का विवरण किया है। चातुर्मास में द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव की स्थापना होती है। स्थापना शब्द के छः निक्षेप हैं। नाम-स्थापना-द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव। नाम में की गई चातुर्मास की स्थापना को नामस्थापना कहते हैं। जिसका चातुर्मास इस तरह का नाम स्थापन किया जाय उसे नाम-स्थापना कहते हैं। किसी वस्तु में की गई चातुर्मास की स्थापना को स्थापना-स्थापना कहते हैं। चातुर्मास में शिष्यादि सचित्त द्रव्य ग्रहण का निषेध है, अचित्त घास इत्यादि का स्वीकार है। इस तरह द्रव्य में चातुर्मास की स्थापना को द्रव्यस्थापना कहते हैं। द्रव्य में चातुर्मास की स्थापना को द्रव्यस्थापना कहते हैं। जिस क्षेत्र में चातुर्मास की स्थापना की है, वहाँ से ढ़ाई कोस तक के क्षेत्र में आहार आदि के लिये जाना-आना होता है। इसे क्षेत्रस्थापना कहते हैं। जिस तिथि से चातुर्मास की स्थापना की जाती है, उस तिथि से लेकर चातुर्मास समाप्ति तक के काल को कालस्थापना कहते हैं। कषायादि औदयिक भावों का त्याग करके क्षायोपशमिक भाव में स्थिर रहना यह भावस्थापना है।[१]

द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव की स्थापना तीन अर्थ को लेकर होती है—सम्बन्ध, कारण और आधार। यह ये अर्थ क्रमशः षष्ठी, तृतीया और सप्तमी विभक्ति से प्राप्त होते हैं। द्रव्यादि के

---

१. सन्दर्भ-क.नि. ३-४।

साथ तीन विभक्ति के प्रयोग से ये अर्थ प्राप्त होते हैं । जैसे-द्रव्य की स्थापना, द्रव्य से (द्वारा) स्थापना, द्रव्य में स्थापना । इनके एकवचन और बहुवचन की विवक्षा से छह भेद प्राप्त होते हैं । पाठकों की सुविधा हेतु यहाँ तालिका प्रस्तुत है ।

द्रव्य की स्थापना—एक संस्तारक का ग्रहण ।

द्रव्यों की स्थापना—एकाधिक उपकरण का ग्रहण ।

द्रव्य से (द्वारा) स्थापना—एक आम्बिल के द्रव्य से चातुर्मासी तप ।

द्रव्यों से (द्वारा) स्थापना—चार आम्बिल के द्रव्य से चातुर्मासी तप ।

द्रव्य में स्थापना—एक फलक में रहना ।

द्रव्यों में स्थापना—एकाधिक फलक में रहना ।

क्षेत्र की स्थापना—एक गाँव में आहारादि हेतु जाना ।

क्षेत्रों की स्थापना—नजदीक के तीन गाँव में आहारादि हेतु जाना ।

क्षेत्र से स्थापना—नहीं होती ।

क्षेत्रों से स्थापना—नहीं होती ।

क्षेत्र में स्थापना—कारणवश अर्ध योजन की मर्यादा में विचरण ।

क्षेत्रों में स्थापना—कारणवश अर्ध योजन से अधिक योजन की मर्यादा में विचरण ।

काल की स्थापना—चार महिनों की मर्यादा ।

काल से स्थापना—आषाढ़ी पूर्णिमा तिथि से चातुर्मास की स्थापना होती है ।

कालों से स्थापना—आषाढ़ी पूर्णिमा से पाँच-पाँच दिन को बढ़ाते चातुर्मास की स्थापना होती है ।

काल में स्थापना—वर्षाऋतु में चातुर्मास की स्थापना होती है ।

कालों में स्थापना—आषाढ़ी पूर्णिमा से एक माह और बीस दिन में चातुर्मास की स्थापना होती है ।

भाव की स्थापना—चातुर्मास में औदयिक भाव का त्याग होता है ।

भावों की स्थापना—चातुर्मास में क्षायिक एवं क्षायोपशमिक भाव को छोड़कर शेष भाव का त्याग होता है ।

भाव से स्थापना—जिस भाव से निर्जरा हो उस भाव का स्वीकार भावों से स्थापना ।

भाव में स्थापना चातुर्मास में क्षायोपशमिक भाव में स्थिरता होती है ।

भावों में स्थापना नहीं होती ।[१]

---

१. सन्दर्भ-क.नि. ५ ।

कल्पनिर्युक्ति में प्रधानतः द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव की स्थापना का विवरण है । गाथा १ से २३ तक (५२ से ७५) काल-स्थापना का वर्णन है । गाथा २४ से २८ (द.नि. ७५ से ७८) तक क्षेत्र-स्थापना का वर्णन है । गाथा २८ से ३५ (द.नि. ७९ से ८६) तक द्रव्य-स्थापना का वर्णन है। ३६ से ६१ (द.नि. ८७ से ११२) तक भाव-स्थापना का वर्णन है । गाथा ६२ से ६७ (द.नि. ११३ से ११८) तक वर्षाकाल सम्बन्धी विशेष बातों का निर्देश है।

काल-स्थापना के सम्बन्ध में वर्षाकाल में प्रवेश एवं शरद ऋतु में निर्गम की विधि बतायी है । वर्षाकाल में चातुर्मास स्थापना की विधि जानने से पहले ऋतुबद्ध काल की विहार मर्यादा को जानना आवश्यक है । ऋतुबद्ध काल में जिनकल्पी प्रतिमा प्रतिपन्न एक जगह पर एक दिन रहते हैं (कारण होने पर एक माह तक रहते हैं) । यथालन्द पाँच दिन एक जगह पर रहते हैं (कारण होने पर एक माह तक रहते हैं) । परिहारविशुद्धि कल्प स्थित एक जगह पर एक माह तक रहते हैं । स्थविर श्रमण निःकारण एक जगह पर एक माह तक रहते हैं । साधारणतः स्थविरकल्पी के लिये ऋतुबद्ध काल में मासकल्प की मर्यादा है । आठ मास में आठ मासकल्प होते हैं । कभी-कभी रोग-दुर्भिक्ष-कर्दम-पुररोध-संघकार्य आदि कारणवश कम-ज्यादा भी हो सकते हैं। ज्यादा से ज्यादा आषाढी पूर्णिमा तिथि से मगसिर वद दसमी तक चातुर्मास का अवस्थान होता है । इस प्रकार आठ मास विहार करके वर्षाकाल में चातुर्मास स्थापना का लिये योग्य क्षेत्र ढूँढना पड़ता है ।

तेरह गुण वाला क्षेत्र चातुर्मास स्थापना के लिये योग्य है । १. जहाँ कीचड़ न हो । २. जहाँ चींटी-मकोड़े जैसे प्राणजीव न हो । ३. जहाँ स्थंडिल भूमि उपलब्ध हो । ४. जहाँ वसति शुद्ध हो । ५. जहाँ दुग्ध आदि गोरस प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो । ६. जहाँ परिवार बड़े हों । ७-८. जहाँ वैद्य और औषध सुलभ हों । ९. जहाँ गृहस्थ के घर धनधान्य से भरपूर हों। १०. जहाँ राजा भद्रक हों । ११. जहाँ पाखण्डिओं से श्रमणों की अवहेलना न होती हों । १२. जहाँ निर्दोष भिक्षा उपलब्ध हों । १३. जहाँ स्वाध्याय में व्याघात न हों ।[१]

आषाढी पूर्णिमा तिथि से भाद्रपद शुक्ला पंचमी तक श्रमणों का अवस्थान नियत नहीं होता है, इसलिये गृहस्थ को ज्ञात नहीं होता कि श्रमणों की स्थिरता है कि नहीं । अतः वह अनभिगृहीत चातुर्मास स्थापना कहलाती है । भाद्रपद शुक्ल पंचमी के बाद कार्तिकी पूर्णिमा तक स्थिरता पक्की हो जाने से गृहस्थ को ज्ञात होता है, अतः वह अभिगृहीत चातुर्मास स्थापना कहलाती है । अनभिगृहीत चातुर्मास स्थापना साधु को ज्ञात होती है, गृहस्थ को नहीं ।[२] इसप्रकार चातुर्मास स्थापना जघन्य से सत्तर दिन प्रमाण होती है । मध्यम मान से अस्सी, पचाशी, नब्बे, पीच्यानबे, सौ, एकसौ पाँच, एकसौ दस दिन प्रमाण होती है । उत्कृष्ट मान से एकसौ वीस और कारणवश एकसौ तीस(मगसिर वद दसमी तक) दिन प्रमाण होती

---

१. सन्दर्भ-६ से १३ । २. सन्दर्भ-५ ।

है। कारणवश चातुर्मास के पहले और बाद मासकल्प करने पर छह महिने तक स्थिरता सम्भव होती है ।

भाद्रपद शुक्ला पंचमी से चातुर्मास स्थापना नियत होती है इसलिये यह तिथि महत्व रखती है । इस सम्बन्ध में ज्ञातव्य है कि, आ. श्री कालिकसू. ने सांवत्सरिक पर्युषणा पर्व भाद्रपद शुक्ला पंचमी से परिवर्तित कर भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी में नियत किया । आ.श्री कालिकसू. ने उज्जयिनी के राजा बलमित्र और भानुमित्र के भांजे को दीक्षा दी । इससे राजा कुपित हुए और आ. श्री कालिकसू. को देश से निकाल दिया । आ. श्री कालिकसू. प्रतिष्ठानपुर(पैठण) आये । वहाँ पर शालिवाहन(शक संवत्सर प्रवर्तक ?) राज्य करता था । वह श्रावक था । यद्यपि उसका अन्त:पुर जैन नहीं था, फिर भी राजा ने श्रमणावसर चालू किया था । जिससे अष्टमी आदि को उपवास करके साधुओं का भिक्षा लाभ लेता था । पर्युषणा पर्व नजदीक आने पर आ. श्री कालिकसू. ने राजा को भाद्रपद शुक्ला पंचमी का महत्त्व बतलाया। राजा ने कहा, ''उस दिन मुझे इन्द्र की अनुज्ञा लेनी पड़ती है इसलिये सांवत्सरिक पर्युषणा पर्व षष्ठी के दिन रखा जाय ।'' आ. श्री कालिकसू. ने कहा, ''भाद्रपद शुक्ला पंचमी की रात्रि का उल्लंघन नहीं हो सकता ।'' राजा ने कहा, ''तो चतुर्थी के दिन रखो ।'' आ. श्री कालिकसू. ने इस बात को स्वीकार किया । इस तरह यह पर्व चतुर्थी के दिन नियत हुआ ।[१]

उत्सर्ग से चातुर्मास में विहार निषिद्ध है । अपवाद से अनिवार्य स्थिति में विहार अनुमत है । जिसके कारण इस प्रकार है । जहाँ स्थण्डिलभूमि न हो, संस्तारक मिलता न हो, वसति जीवाकुल हो, जहाँ भिक्षा दुर्लभ हो, राजा साधु का द्वेषी बन जाय, उपाश्रय में सर्प का उपद्रव हो, उपाश्रय को आग लग जाय, दूसरे गाँव में कोई साधु बीमार हो तो चातुर्मास में भी विहार हो सकता है । उत्सर्ग से चातुर्मास के बाद उस जगह पर रहना निषिद्ध है । लेकिन मेघ बरसने के बाद भी विराम नहीं ले रही हो, रास्ते दुर्गम हों और कीचड़ से भरे हों तो उस जगह पर रहना अनुमत है ।[२]

चातुर्मास में जिस जगह अवस्थान हो वहाँ से छह दिशा में एक योजन और एक कोस तक गमनागमन की अनुमति है । गमनागमन की सम्भावना ऊर्ध्व, अधो और तिर्यक् दिशा में है । गाँव यदि पर्वत पर हो तो ऊर्ध्व और अधो दिशा में गमन हो सकता है ।[३]

चातुर्मास में द्रव्यस्थापना के ग्रहण धारणा और त्याग के सम्बन्ध में सात द्वारों से विचार किया जाता है । १. आहार, २. विगई, ३. संस्तारक, ४. मात्रक, ५. लोच, ६. सचित्त, ७. अचित्त ।

१. आहार—चातुर्मास में ग्रीष्मादि ऋतु में लिये जाने वाले आहार का त्याग होता है । शक्ति अनुसार योग में और तप में वृद्धि होती है ।

---

१. सन्दर्भ-क.नि. १४-१६ । २. सन्दर्भ-क.नि. १७-२३ । ३. सन्दर्भ-क.नि. २४-२७ ।

२. विगई–विगई के दस प्रकार हैं । दूध, दही, घी, तेल, गुड़, कडा(कटाह–तले हुए खाद्य), मधु(शहद), मक्खन, मदिरा और मांस । अन्तिम चार विगई अप्रशस्त है, बाकी छह प्रशस्त है । जिस का संग्रह हो सके उसे 'सांचयिक विगई' कहा जाता है । जो तुरन्त बिगड जाती है, उसे 'असांचयिक विगई' कहा जाता है । चातुर्मास में द्रव्य–भाव की विवृद्धि हो ऐसी प्रशस्त विगई का ही ग्रहण करना चाहिए । विकृति करना विगई का स्वभाव है । जो साधु विगई का या विगईमिश्रित आहार का भक्षण करता है, उसका संयम दूषित होता है । विगई संयम को दूषित करके साधु को जबरदस्ती दुर्गति में ले जाती है । उत्सर्ग से विगई ग्रहण निषिद्ध है । अपवाद से अनिवार्य स्थिति में वृद्ध, बाल और दुर्बल साधु के लिये प्रशस्त विगई का ग्रहण किया जाता है । तरुण और बलवान साधु को जरुरत पड़ने पर ही विगई दी जाती है । ग्लान–बीमार साधु के लिये अत्यन्त आगाढ़ अपवाद से अनिवार्य स्थिति में अप्रशस्त विगई का ग्रहण किया जाता है ।

कल्पसूत्र के २५३ वें सूत्र में मदिरा एवं माँस के ग्रहण की विधि का प्रतिपादन किया गया है । यहाँ प्रश्न हो सकता है कि, 'क्या जैन साधु मदिरा एवं माँस का परिभोग करते थे ?' इसका उत्तर यह है कि, 'जैन साधु मदिरा एवं मांस का परिभोग नही करते थे ।' न ही सूत्र इस प्रकार की अनुज्ञा प्रदान करता है । अत्यन्त आगाढ अपवाद से अनिवार्य स्थिति में किसी श्रुतधर आचार्यादि के प्राण का प्रश्न हो, दूसरा कोई इलाज ही उपलब्ध न हो, ऐसी अवस्था में बाह्य उपचार के रूप में अप्रशस्त विगई का ग्रहण किया जाता है । इस विषय में 'उवासगदसा' का पाठ पुष्ट प्रमाण है । **एवं खलु चउहिं ठाणेहिं जीवा णेरइयाए कम्मं पकरेंति, णेरइयत्ताए कम्म पकरेंता णेरइसेसु उववज्जंति । तं जहा–महारंभयाए महापरिग्गहयाए, पचिंदियवहेणं, कुणिमाहारेणं ।** अर्थ :– जीव चार कारणों से नरक का आयुष्य बन्ध करते हैं और फलतः नरक में उत्पन्न होते हैं । महारंभ, महापरिग्रह, पंचेन्द्रिय की हत्या और मांसाहार । इस सन्दर्भ में उपा. श्री धर्मसागरजी कृत 'कल्पसूत्र की किरणावली टीका'[१] एवं उपा. श्री समयसुन्दरजी कृत

---

१. **वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा हट्ठाणं आरुग्गाणं बलियसरीराणं इमाओ नवरसविगईओ अभिक्खणं अभिक्खणं आहारित्तए । तं जहा–खीरं दहिं नवणीयं सप्पिं तिल्लं गुडं महुं मज्जं मंसं ॥१७॥ (२५१)**

व्याख्या–वासावांसं इत्यादितो **मंसं** त्ति पर्यन्तम् । तत्र हृष्टानां–तरुणत्वेन समर्थानां युवानोऽपि केचित्सरोगाः स्युरित्याह–अरोगाणां क्वचिद् **आरुग्गाणमि**ति पाठस्तत्रारोग्यमस्त्येषामित्यभ्रादित्वादप्रत्यये आरोग्यास्तेषां, तादृशा अपि केचित् कृशाङ्गाः स्युरित्याह–बलिकशरीरिणां, रसप्रधाना विकृतयो रसविकृतयस्ता अभीक्ष्णं–पुनः पुनर्न कल्पन्ते, रसग्रहणं तासां मोहोद्भवहेतुत्वख्यापनार्थम्, अभीक्ष्णग्रहणं पुष्टालम्बने कदाचित्तासां परिभोगानुज्ञार्थं, नवग्रहात्कदाचित् पक्वान्नंऽपि गृह्यते । विकृतयो द्विधा–सञ्चयिका असञ्चयिकाश्च, तत्रासञ्चयिकाः दुग्धदधिपक्वान्नाख्या ग्लानत्वे वा गुरुबालवृद्धतपस्विगच्छोपग्रहार्थं वा श्रावकादरनिमन्त्रणाद्वा ग्राह्याः, सञ्चयिकास्तु घृततैलगुडाख्यास्तस्तस्ताश्च प्रतिलाभयन् गृही वाच्यः 'महान् कालोऽस्ति ततो

'विशेष शतक प्रकरण'[१] में स्पष्टीकरण दिया है ।

ग्लान के लिये विगई ग्रहण करने का विधि सूत्र में इस प्रकार बताया है । ग्लान के लिये जितनी विगई का ग्रहण जरूरी है उतनी ही ले । दाता के आग्रह पर भी अधिक विगई का ग्रहण न करे । जिससे दाता को यह विश्वास हो कि, यह लोग ग्लान के लिये विगई का ग्रहण करते हैं । जरूरत पड़ने पर तीन बार जा कर याचना कर सकते हैं, पर अधिक ग्रहण न करे । दाता अपनी खुशी से आग्रह करता है, तो अधिक विगई का ग्रहण करने में कोई बाधा नहीं ।[२]

ग्लानादिकार्ये ग्रहीष्याम:' स वदेत् 'गृण्हीत चतुर्मासीं यावत्प्रभूता: सन्ति' ततो ग्राह्या: बालादीनां च देया न तरुणानाम् । यद्यपि मद्यादिवर्जनं यावज्जीवमत्स्येव तथापि कदाचिदत्यन्तापवाददशायां ग्रहणेऽपि कृतपर्युषणानां सर्वथा निषेध: ॥१७॥

१. ननु–कल्पसूत्रे पञ्चमसामाचार्यां '**वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीणं वा हट्ठाणं तुट्ठाणं–आरोग्गाणं बलियसरीराणं इमाओ नवरसविगइओ अभिक्खणं २ आहारित्तए । तंजहा खीरं दहिं नवणीयं सप्पिं तिल्लं गुडं महुं मज्जं मंसं ।** इत्युक्तं तत्कथं घटते, मद्यादिविकृतीनाम् अभक्ष्यत्वेन यावज्जीवं साधूनां वर्जितत्वात् ? उच्यते, यद्यपि साधूनां तद्वर्जनम् अस्त्येव, परं कदाचिद् अत्यन्तापवाददशायां ग्रहणेऽपि कृतपर्युषणानां सर्वथा निषेध: । तत्र तासां परिभोगो बहि: परिभोगार्थे ज्ञेय: । यदुक्तं श्रीआचाराङ्गे द्वितीयश्रुतस्कन्धे प्रथमोद्देशके, तथाहि 'से भिक्खू वा से जं पुण जाणेज्जा बहुअट्ठियं वा मंसं वा मच्छगं वा बहुकंटयं, अस्सिं खलु पडिग्गहियंसि अप्पे सिया भोयणजाए बहुउज्झियधम्मिए तह पगारं बहुअट्ठियं वा मंसं मच्छगं वा बहुकंटयं लाभे संते, नो पडिग्गहेज्जा, से भिक्खू वा २ जाव समाणे सिया णं परो बहुअट्ठिएणं मंसेणं मच्छेणं वा उवनिमंतेज्जा आउसंतो समणा अभिकक्खंसि बहुअट्ठिअं मंसं पडिग्गहित्तए । तंजहा तहप्पगारं निग्घोसं सुच्चा निसम्म से पुव्वामेव आलोएज्जा, आउसोत्ति वा, भइणी वा नो खलु मे कप्पइ बहुअट्ठिअं मंसं पडिग्गाहितए, अभिकक्खंसि मे दाउं जावइयं तावइयं पुग्गलं दलयाहि मा अट्ठियाइं से एवं वयंतस्स परो अभिहट्टु अंतो पडिग्गहगंसि बहुअट्ठियं मंसं पडिभाएत्ता नीहट्टु दलेज्जा, तहप्पगारं पडिग्गहगं परहत्थंसि परपायंसि वा अफासुयं जाव नो पडिग्गए, से य आहच्च पडिगाहिए सिया, तं नो हित्ति वएज्जा, नो अणहित्ति वएज्जा, से तमादाय एगंतमवक्कमेज्जा, अहे आरामंसि वा अहे उवस्सगंसि वा, अप्पंडे जाव असंताणए वा, मंसगं २ मच्छगं २ भुत्ता, अट्ठियाइ कंटगे गहाय, से तमायाय एगंतमवक्कमेज्जा, अहे झामथंडिल्लंसि वा जाव पमज्जिय २ परिट्ठवेज्जा एवं मांससूत्रमपि ज्ञेयम् । अस्य च उपादानं क्वचिद् लूताद्युपशमनार्थं सद्वैद्योक्तं देशतो बाह्यपरिभोगेन स्वेदादिना ज्ञानाद्युपकारकत्वात् फलवद् दृष्टं भुजिश्च अत्र बहि:परिभोगार्थे, न अभ्यवहारार्थे पदातिभोगवत्, एवं गृहस्थामन्त्रणादिविधि-पुद्गलसूत्रमपि सुगमम्, इति तदेवम् आदिना छेदसूत्राभिप्रायेण ग्रहणे सत्यपि कण्टकादिपरिष्ठापनविधिरपि सुगम: । इति बहि: परिभोगार्थे साधूनां मांसादिग्रहणविचार: ॥९६॥ (विशेष जानकारी हेतु देखिये – जैन आगम अने मांसाहार ऐतिहासिक चर्चा आ.श्रीवि.शीलचन्द्रसू. अनुसन्धान अंक-४१ पृष्ठ-१ ।)

२. **वासावासं पज्जोसवियाणं अत्थेगइयाणं एवं वुत्तपुव्वं भवइ, अट्ठो भंते ! गिलाणस्स, से य वइज्जा अट्ठो, से य पुच्छियव्वे केवइएणं अट्ठो ? से य वइज्जा एवइएणं अट्ठो गिलाणस्स, जं से पमाणं वयइ से पमाणओ घित्तव्वे, से य विन्नविज्जा, से य विन्नवेमाणे लभिज्जा, से य पमाणपत्ते होउ**

३. संस्तारक—संस्तारक ग्रहण करने का विधि इस प्रकार है । ऋतुबद्ध काल में जो संस्तारक का ग्रहण किया था वह जीर्ण हो जाने से चातुर्मास में नये संस्तारक का ग्रहण किया जाता है । उस समय में साधु घास से बने संस्तारक का उपयोग करते थे । घास के संस्तारक का घास गिर जाता था । इस लिये चातुर्मास में नया संस्तारक लिया जाता है जो परिशाटी न हो अर्थात् जिससे घास न गिरता हो । गुरु के लिये तीन और शेष साधुओं के लिए एक संस्तारक लिया जाता है ।[१]

४. मात्रक—मात्रक का अर्थ है, आहार में उपयोगी पात्र से अतिरिक्त पात्र । मात्रक खास कर शारीरिक मल के त्याग के लिये उपयोगी होता है । मात्रक की संख्या तीन होती है। एक-मूत्रविसर्जन के लिये, दो-मलविसर्जन के लिये और तीन-श्लेश्म विसर्जन के लिए । ऋतुबद्ध काल के मात्रकों का त्याग कर चातुर्मास में नये मात्रक ग्रहण किये जाते हैं । संयम और मेहमान हेतु कारणवश मात्रक ग्रहण करने की अनुज्ञा है ।[२]

५. लोच—जिन याने अरिहंत अथवा जिनकल्पी । इनको हंमेशा लोच रहता है । अर्थात् वे सदा मुण्ड-केश ही होते हैं । स्थरविरकल्पी साधु चातुर्मास में सांवत्सरिक पर्युषणा पर्व से पहले अवश्य लोच कर लेते हैं । अशक्त और असहु के लिये अपवाद रूप कैची,

---

अलाहि, इय वत्तव्वं सिआ, से किमाहु भंते ! एवइएणं अट्ठो गिलाणस्स, सिया णं एवं वयंतं परो वइज्जा पडिगाहेहि अज्जो पच्छा तुमं भोक्खसि वा पाहिसि वा, एवं से कप्पइ पडिगाहित्तए, नो से कप्पइ गिलाणनीसाए पडिगाहित्तए ॥१८॥ (२५२)

व्याख्या—वासावासं इत्यादितो **नो से कप्पइ गिलाणनीसाए पडिग्गाहित्तए** त्ति पर्यन्तम् । तत्र अस्त्येकेषां वैयावृत्त्यकरादीनामेवामुक्तपूर्वं भवति गुरुं प्रतीति शेषः, हे भदन्त ! भगवन् ! अर्थः प्रयोजनं ग्लानस्य विकृत्येति काक्वा प्रश्नावगतिः एवमुक्ते स च गुरुर्वदेत् अर्थः **से अ पुच्छेइ** त्ति तं च ग्लानं स वैयावृत्त्यकरः पृच्छति । क्वचित् **से अ पुच्छेअव्वे** त्ति पाठः तत्र ग्लानः प्रष्टव्यः किं पृच्छतीत्याह-**केवइएणं अट्ठो** कियता विकृतिजातेन क्षीरादिना तवार्थः, तेन च ग्लानेन स्वप्रमाणे उक्ते स **वैयावृत्यकरो** गुरोरग्रे समागत्य ब्रूयात्, **एवइएणं अट्ठो गिलाणस्स** इति इयतार्थो ग्लानस्य, ततो गुरुराह-**जं से** इति यत्स ग्लानः प्रमाणं वदति तत्प्रमाणेन से इति तद्विकृतिजातं ग्राह्यं त्वया, **से अ विण्णविज्जा** स च वैयावृत्त्यकरादि-र्विज्ञपयेत्-याचेत् गृहस्थपार्श्वात् विज्ञप्तिधातुरत्र याञ्चायां, स च याचमानो लभेत तद्वस्तु, तच्च प्रमाणप्राप्तं-पर्याप्तं जातं ततश्च **होउ अलाहि** त्ति साधुप्रसिद्ध-इत्थमिति शब्दस्यार्थे भवत्विति पदं **अलाहि** त्ति सृतमित्यर्थः, 'अलाहि निवारणे' इति वचनात् अन्यन्मा दाः इति वक्तव्यं स्यात् गृहस्थं प्रति । ततो गृही प्राह-अथ किमाहुर्भदन्ताः—किमर्थं सृतमिति ब्रुवते भवन्तः इत्यर्थः, साधुराह-**एवइएणं अट्ठो गिलाणस्स** एतावताऽर्थो ग्लानस्य **सिआ** कदाचित् एनं साधुमेवं वदन्तं परो दाता गृही वदेत् किमित्याह **अज्जो** इत्यादि हे आर्य ! प्रतिगृहाण त्वं पश्चाद्यदधिकं तत्त्वं भोक्ष्यसे-भुञ्जीथाः पक्वान्नादि पास्यसि पिबेर्द्रवं क्षीरादि । क्वचित् **पाहिसि**स्थाने **दीहिसि** त्ति पाठः, तत्रातीव हृद्यम्, अन्यस्य साधोर्वा दद्या एवमुक्ते गृहिणा से तस्य साधोः कल्पते प्रतिगृहीतुं न पुनर्ग्लाननिश्रया गार्द्ध्यात् स्वयं गृहीतुं ग्लानार्थं याचितं मण्डल्यां नानेयमित्याकूतम् ॥१८॥

१. सन्दर्भ-क.नि. ३२ । २. सन्दर्भ-क.नि. ३३ ।

अस्तरा आदि से केश कर्तन करने की आज्ञा है । लोच का मतलब है, 'अपने हाथ से मस्तक, दाढी, मूछ के बाल उखाड़ना ।' इन तीन अवयव से अतिरिक्त स्थानों के बाल का लोच नहीं करते ।[१]

६. सचित्त–सचित्त से मतलब है, सचित्त भिक्षा अर्थात् शिष्य । चातुर्मास में दीक्षा निषिद्ध है । अपवाद से पूर्व परिचित, भावित और संविग्न गृहस्थ को दीक्षा की अनुमति है । अपरिचित, अभावित और असंविग्न गृहस्थ को दीक्षा देने से वह निर्घृण हो जाने की सम्भावना है । भोजनादि विधि का एवं रात में शरीरबाधा का त्याग किस तरह किया जाता है, इसका ख्याल न होने से उसका उपहास हो सकता है ।[२]

सातवें अचित्त द्वार के विषय में निर्युक्ति मौन है । प्राचीन चूर्णि के अनुसार ऋतुबद्ध काल में लिये गये उपकरणादि का त्याग और नये रक्षा (राख) लेप आदि का ग्रहण करना चाहिए ।

इस प्रकार काल-स्थापना सम्बन्धित सात द्वारों का विवरण करके निर्युक्तिकार पर्युषण की भाव-स्थापना का निर्देश करते हैं ।

चातुर्मास में

(१) समिति के पालन में उपयुक्त रहना चाहिये ।

(२) मन-वचन-काया को गुप्ति में रखना चाहिये ।

(३) दुष्कृत की आलोचना करनी चाहिये ।

(४) अधिकरण (झगड़ा) एवं कषायों का त्याग करना चाहिये ।[३]

अधिकरण त्याग के विषय में दुरूतक, चण्डप्रद्योत और द्रमक के दृष्टान्त प्रस्तुत किये हैं ।[४]

कषाय त्याग के विषय में चार कषाय के अनंतानुबन्धि आदि चार प्रकार को सोदाहरण प्रस्तुत किये हैं । क्रोध के विषय में बटु, मान के विषय में अच्चंकारि आर्या, माया के विषय में पाण्डु आर्या तथा लोभ के विषय में आचार्य मंगु के उदाहरण प्रस्तुत किये हैं ।[५]

कषाय की आलोचना न करने से भारी नुकसान होता है, अतः चातुर्मास में कषाय हो जाय तो तुरन्त प्रायश्चित्त कर लेना चाहिये । चातुर्मास में जीवोत्पत्ति अधिक होती है, अतः विराधना का त्याग करना चाहिये । एक जगह संलीनता से रहना चाहिये । स्वाध्याय, संयम और तप में आत्मा को जोड़ देना चाहिये ।[६] इन उदाहरणों को परिशिष्ट-७ में प्रस्तुत किया गया है ।

---

१. सन्दर्भ-क.नि. ३३ । २. सन्दर्भ-क.नि. ३४ । ३. सन्दर्भ-क.नि. ३५-३७ । ४. सन्दर्भ-क.नि. ३८-४६ । ५. सन्दर्भ-क.नि. ४७-५९ । ६. सन्दर्भ-क.नि. ६० ।

प्रथम और अन्तिम तीर्थकर के शासन में पर्युषणा कल्प होता है । पर्युषणा में मंगल निमित्त प्रथम-अंतिम तीर्थंकर और शेष बाईस तीर्थकर के आचारधर्म का वाचन होता है । जिन, गणधर और स्थविरों के चरित्र का भी वाचन होता है ।[१]

कल्पसूत्र के २६३ वें सूत्र में वर्षा में आहार ग्रहण करने की विधि बताई है । निर्युक्ति ११४ में इसीका विवरण है । भीतरी वस्त्र गीला करके शरीर को भिगो दे ऐसी बारिस में साधु आहार ग्रहण करने के लिये नहीं जाते । अपवाद से ज्ञानार्थी, तपस्वी और क्षुधा के असहु साधु के लिये अनुमत है । साधु ऐसे क्षेत्र में हो जहाँ पर संयम के उपकरण और वर्षा में पहनने योग्य ऊन का वस्त्र दुर्लभ है, वहाँ उत्तरकरण करना चाहिये । उत्तरकरण इस प्रकार होता है । सबसे पहले वर्षा में जाने के लिये वालज वस्त्र का उपयोग करना चाहिये । वे तीन प्रकार के होते हैं । ऊन का, ऊमट (उट) के बाल का, कुतप (चूहे के बाल) का । वालज वस्त्र के अभाव में घास से बने हुए वस्त्र का उपयोग करना चाहिये । उसके अभाव में छत्र का उपयोग करना चाहिये । उत्तरकरण आपवादिक संयोग में ही होता है ।[२]

यह पर्युषणाकल्पनिर्युक्ति की संक्षेप में विषयवस्तु है ।

• • •

१. सन्दर्भ-क.नि. ६१ । २. सन्दर्भ-क.नि. ६२-६६ ।

अनुक्रमः

१. सम्पादकीय ५

२. कल्पनिर्युक्ति-परिचय १३

३. कल्पनिर्युक्तिः प्राचीन अवचूरिः + अवचूर्णिः १-३४

४. परिशिष्ट

१. कल्पनिर्युक्तिः छाया एवं अनुवाद ३५

२. कल्पनिर्युक्तिः पाठान्तर सहित मूलपाठ ५३

३. पदानुक्रम ६२

४. निशीथसूत्र चूर्णि से तुलना ६५

५. अन्य ग्रन्थों से तुलना ९०

६. चूर्णि अवचूर्णिगत परिभाषाएँ ९३

७. कल्पनिर्युक्ति में इङ्गित दृष्टान्त ९५

८. सङ्केतसूचि १०९

९. सन्दर्भग्रन्थसूचि १११

॥ कल्पनिर्युक्तिः ॥

अज्ञातकृतप्राचीनचूर्णिः

१. पज्जोसमणाए अक्खराइं होंति उ इमाइं गोण्णाइं ।
परियायववत्थवणा, पज्जोसमणा य पागइया ॥५२॥[१]

(१-२) (प्रा०चू०) अथ अट्ठमी दसा पज्जोसमणा-कप्पो अज्झयणं

संबंधो-सत्तमासियं फासित्ता आगतो ताहे वासाजोग्गं उवहिं उप्पाएति, वासाजोग्गं च

आ. श्री माणिक्यशेखरसूरिकृता अवचूर्णिः

(१-२) (अव०) पर्युषणाया अक्षराणां इमानि गौणानि नामानि भवन्ति । तु निश्चये तद्यथा-पर्यायव्यवस्थापना (१) पज्जोसमना सैद्धान्तिकं नाम (२) प्राकृतिका (३) परिवसना (४)

---

१. सन्दर्भः =ते णं काले णं ते णं समए णं समणे भगवं महावीरे वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेइ । से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ समणे भगवं महावीरे वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेइ ? ॥ (कल्पसूत्रम्) (२२४)

जओ णं पाएणं अगारीणं अगाराइं कडियाइं उक्कंपियाइं छन्नाइं लित्ताइं गुत्ताइं घट्ठाइं मट्ठाइं संपधूमियाइं खाओदगाइं खायनिद्धमणाइं अप्पणो अट्ठाए कडाइं परिभुत्ताइं भवंति, से तेणट्ठेणं एवं वुच्चइ समणे भगवं महावीरे वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेइ ॥ (२२५)

जहा णं समणे भगवं महावीरे वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेइ तहा णं गणहरा वि वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसविंति ॥ (२२६)

जहा णं गणहरा वासाणं जाव पज्जोसविंति तहा णं गणहरसीसा वि वासाणं जाव पज्जोसविंति ॥ (२२७)

जहा णं गणहरसीसा वासाणं जाव पज्जोसविंति तहा णं थेरा वि वासावासं पज्जोसविंति ॥ (२२८)

जहा णं थेरा वासाणं जाव पज्जोसविंति तहा णं जे इमे अज्जत्ताए समणा निग्गंथा विहरंति तेवि अ णं वासाणं जाव पज्जोसविंति ॥ (२२९)

जहा णं जे इमे अज्जत्ताए समणा निग्गंथा वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसविंति तहा णं अम्हं पि आयरिया उवज्झाया णं वासाणं जाव पज्जोसविंति ॥ (२३०)

जहा णं अम्हं पि आयरिया उवज्झाया वासाणं जाव पज्जोसविंति तहा णं अम्हेवि वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेमो । अंतरा वि य से कप्पइ पज्जोसवित्तए, नो से कप्पइ तं रयणिं उवायणावित्तए ॥८॥ (२३१)

२. परिवसणा पज्जुसणा, पज्जोसवणा य वासवासो य ।
पढमसमोसरणं ति य, ठवणा जेट्ठोग्गहेगट्ठा ॥५३॥

खेत्तं पडिलेहेति । एतेण संबंधेण पज्जोसमणाकप्पो संपत्तो । तस्स दारा चत्तारि । अधिकारो वासावासजोग्गेण खेत्तेण उवधिणा य, जा य वासासु मज्जाया । णामणिप्फन्नो पज्जोसमणाकप्पो । दुपदं नाम, पज्जोसमणा कप्पो य, पज्जोसमणाए कप्पो पज्जोसमणाकप्पो । पज्जायाणं ओसमणा[१] पज्जोसमणा । अधवा परि सव्वतो भावे, उष निवासे, एस पज्जोसमणा । इदाणिं णिज्जुत्ती-वित्थारो । **पज्जोसमणाए** गाथाद्वयं । पज्जोसमणा एतेसिं अक्खराणं शक्रेन्द्र-पुरन्दरवदेकार्थिकानि नामानि गुणनिप्फण्णानि गोण्णानि, जम्हा पवज्जा-परियातो पज्जोसमणा-वरिसेहिं गणिज्जति तेण परियाग-ववत्थवणा भण्णति । (१) जधा आलोयण-वंदणगादीसु जहारातिणियाए कीरमाणेसु अणज्जमाणे परियाए पुच्छा भवति । कति पज्जोसमणातो गताओ उवट्ठावितस्स ? जम्हा उडुबद्धिया दव्व-खेत्त-काल-भाव-पज्जाया इत्थ पज्जोसविज्जंति उज्झिज्जंति त्ति भणितं होइ । (२) अण्णारिसा दव्वादिपज्जाया वासारत्ते आयरिज्जंति तम्हा पज्जोसमणा भण्णति । (३) पागतियत्ति पज्जोसवण त्ति एतं सव्वलोग-सामण्णं । पागतिया गिहत्था (४) एगत्थ चत्तारि मासा परिवसंति त्ति परिवसणा । (५) सव्वासु दिसासु ण परिब्भमंतीति पज्जुसणा । (६) वरिसासु चत्तारि मासा एगत्थ अच्छंतीति वासावासो । (७) निव्वाघातेणं पाउसे चेव वासपाउग्गं खित्तं पविसंतीति पढम-समोसरणं । (८) उडुबद्धातो अण्णा मेरा ठविज्जतीति ठवणा । (९)

पर्युषणा (५) पज्जोसवना सैद्धान्तिकं नाम (६) वर्षावासः (७) प्रथम समवसरणमिति (८) च स्थापना (९) ज्येष्ठावग्रहः (१०) एतानि एकार्थिकानि नामानि ज्ञेयानि ॥

१. यथाक्रमं वन्द्यमाने पर्यायपृच्छाया उपस्थापितस्य कति पर्युषणा गताः ? इति पर्यायव्यवस्थापनम् आर्षं नाम । यतः सिद्धान्ते श्रावणाद्यवर्षाकालाद्यो वर्षाकालः ।

२. ऋतुबद्धिका द्रव्यक्षेत्रकालभावाः पर्युष्यन्ते=त्यज्यन्ते । अत्र 'म' रूपम् ।

३. प्राकृतिका=गृहस्था एकत्र चतुरो मासांस्तिष्ठन्ति पर्युषणायाः प्राकृतिका नाम ।

४. परिवसणा सर्वासु दिक्षु न परिभ्रमन्ति ।

५. पर्युषणा-'उष निवासे,' परि=समन्तात् चतुरो मासानेकत्र तिष्ठन्ति पर्युषणा ।

---

१. उपशमना क्रोधादिपर्यायाणाम् यदि वा ऋतुबद्धसत्कानां द्रव्यादिपर्यायाणामुज्झनं, नवानां च वर्षारात्रे समाचरणम् ।

३. ठवणाए निक्खेवो छक्को, दव्वं च दव्वणिक्खेवो ।
खेत्तं तु जम्मि खेत्ते, काले कालो जहिं जो उ ॥५४॥

४. ओदइयाईयाणं, भावाणं जा जहिं भवे ठवणा ।
भावेण जेण य पुणो, ठविज्जए भावठवणा उ ॥५५॥

उडुबद्धे एक्केक्कं मासं खेत्तोग्गहो भवति त्ति । वरिसासु चत्तारि मासा एगखेत्तोग्गहो भवति त्ति जिट्ठोग्गहो । एषां व्यञ्जनतो नानात्वं, न त्वर्थतः ॥५२ ॥५३॥

(३-४) (प्रा०चू०) एषामेकं ठवणाणामं परिगृह्य णिक्खेवो कज्जति । **ठवणाए निक्खेवो** गाहा । नाम-ठवणातो गताओ, दव्वट्ठवणा जाणगसरीर-भवियसरीर-वतिरित्ता । **दव्वं च दव्वनिक्खेवो** । जाइं दव्वाइं परिभुंजंति जाणि य परिहरिज्जंति । परिभुज्जंति तण-डगल-छार-मल्लगादि । परिहरिज्जंति सचित्तादि ३ । सचित्ते सेहो ण पव्वाविज्जति, अचित्ते वत्थादि ण घेप्पति, पढमसमोसरणे, मीसए-सेहो सोवहितो । खेत्तट्ठवणा सकोसं जोयणं, कारणे वा चत्तारि पंच जोयणाइं । कालट्ठवणा चत्तारि मासा, यच्च तस्मिन् कल्प्यम् । भावठवणा कोहादि-विवेगो भासासमितिजुत्तेण य होतव्वं ॥५४ ॥५५॥

---

६. वर्षाकालसम्बन्धिनां द्रव्यक्षेत्रकालभावानां स्वीकारः । यतो ऋतुबद्धे एकैकं मासं तिष्ठन्ति वर्षासु चत्वार इत्यादि । अत्र 'व'त्वमिति भेदः ।

७. वर्षाकालारम्भे एव श्रावणवदिप्रतिपदि वासः, चः समुच्चये ।

८. प्रथमसमवसरणं वर्षाप्रारम्भे प्रथममवस्थानम् ।

९. स्थापना ऋतुबद्धादन्या मर्यादा स्थाप्यतेऽत्रेति ।

१०. ज्येष्ठावग्रहो बहुकालस्थानम् । एषां व्यञ्जने नानात्वम्, अर्थत ऐक्यम् ॥५३॥

(३-४) (अव०) एषां मध्ये एकां स्थापनामाह वत्याह (नामाहत्याह) ।

स्थापनाया निक्षेपः षड्विधः स्यात् । नामस्थापना-स्थापनास्थापने अस्येष्टे । द्रव्यनिक्षेपे-शिष्य-सोपधिशिष्य-वस्त्राद्यं वर्षासु न ग्राह्यम्, अचित्तं तृणडगलरक्षादि ग्राह्यम् । क्षेत्रे स्थापना-यस्मिन् क्षेत्रे स्थिताः तस्मिन् अर्धतृतीयक्रोशः प्रमाणम् । काले स्थापना-यत्राषाढपूर्णिमादौ यस्तु कालश्चातुर्मासीस्थितिलक्षणः सा । भावे स्थापना-समितिगुप्तिपरैः क्षायोपशमभावेन स्थेयम् ॥५४॥

तत्र औदयिकानां भावानां मध्ये या यत्र स्थापना स्यात् । तत्र औदयिकं विना क्षायोपशमिकादिषु भावेषु स्थापना भवेत् । येन भावेन क्षायोपशमिकेन स्थाप्यते चतुर्मासी स्थितिः सा तु भावस्थापना ॥५५॥

५. सामित्ते करणम्मि य, अहिगरणे चेव होंति छब्भेया ।
एगत्तपुहत्तेहिं दव्वे, खेत्तऽद्ध भावे य ॥५६॥

---

(५) (प्रा०चू०) एतेसिं सामित्तादि विभासा कातव्वा । तत्थ गाधा-**सामित्ते०** । दव्वस्स ट्ठवणा दव्वट्ठवणा, दव्वाणं वा ठवणा दव्वट्ठवणा, दव्वेण वा ठवणा, दव्वेहिं वा ठवणा, दव्वंमि वा ठवणा दव्वेसु वा ठवणा । एवं खेत्त-काल-भावेसु वि एगत्त-पुहत्तेहिं सामित्त-करणा-ऽधिकरणा भाणितव्वा । तत्थ दव्वस्स ठवणा-जधा कोइ संथारगं गिण्हति, दव्वाणं जधा-तिन्नि पडोगारेणं गिण्हति, दव्वेणं जधा-वरिसारत्ते चउसु मासेसु एक्कसिं आयंबिलेणं पारित्ता सेसं कालं अब्भत्तट्ठं करेति, दव्वेहिं मासेणं मासेणं चत्तारि आयंबिलपारणया, एवं निव्वितियएणंपि, दव्वम्मि जधा-एगंगिए फलए ट्ठातव्वं दव्वेसु जधा-[१]दोमादी-कंबीसंथारए । खेत्तस्स एगगामस्स परिभोगो, खेत्ताणं ति गामादीणं अंतरपल्लीयादीणं, करणे एगत्त-पुहत्तेणं णत्थि । अधिकरणे एगे खेत्ते परं अद्धजोयण-मेराए गंतुं [२]पडिएत्तए, पुहत्तेणं दुयमादीहिं वि अद्धजोयणेहिं गंतुं पडिएत्तए कारणे । कालस्स जा मेरा सा ठविज्जति अकप्पिया वासारत्तकाले ण परिघिप्पंति, कालाणं चउण्हं मासाणं ठवणा कालेण आसाढपुण्णिमाए कालेण ठायंति, कालेहिं-पंचाहे पंचाहे गते कारणे ठायंति, कालम्मि पाउसे ठायंति, कालेसु आसाढपुण्णिमातो सवीसतीराए मासदिवसेसु गतेसु ठायंति कारणे । भावस्स ओदयियस्स ठवणा, भावाणं खइयं भावं संकंतस्स सेसाणं भावाणं परिवज्जणा होई । **भावत्ति**-भावेणं निज्जरट्ठाए ठाति, भावेहिं निज्जरट्ठयाए संगहट्ठताए

---

(५) (अव०) स्वामित्वे=सम्बन्धे करणे=कारणकारके अधिकारके अधिकरणे=आधारे एकत्वबहुत्वाभ्यां षड्भेदाः स्युः । द्रव्ये क्षेत्रेऽद्धायां भावे च । यथा द्रव्यस्य स्थापना-संस्तारकं गृह्णाति, द्रव्याणां स्थापना त्रीन् प्रत्यवतारान् । त्रिगुणं पात्रस्योपकरणं गृह्णन्ति । द्रव्येण आचाम्लादिद्रव्येण चतुर्मासीतपः । **द्रव्येति** । चतुर्भिराचाम्लैः चतुर्मासीतपः । द्रव्ये एकस्मिन् फलके स्थातव्यं, द्रव्येषु त्रिषु फलकादिषु । क्षेत्रे एकग्रामपरिभोगः, क्षेत्राणां त्रयादीनाम् आसन्नग्रामानां परिभोगः । क्षेत्रे करणं नास्ति । एकस्मिन् क्षेत्रे बहुषु क्षेत्रेषु अर्द्धयोजनान्तः, कारणे योजनानि कालस्य वर्षाकालस्य अकल्प्यता मर्यादा । कालानां चतुर्णां मासानां स्थितिः । मर्यादा कालेन आषाढपूर्णिमा, कालैः पञ्चभिः पञ्चभिः दिनैः स्थितिः । काले प्रावृषि, कालेषु आषाढराकायाः सविंशतिशत-

---

१. द्व्यादि-कम्बी-निष्पन्न-संस्तारके । २. 'पडिनियत्तए' पाठान्तरम् ।

६. कालो समयादीओ, पगयं समयम्मि तं परूवेस्सं ।
निक्खमणे य पवेसे, पाउस-सरए य वोच्छामि ॥५७॥

७. ओणाइरित्तमासे, अट्ठ विहरिऊण गिम्हहेमंते ।
एगाहं पंचाहं मासं च जहासमाहीए ॥५८॥

८. काऊण मासकप्पं, तत्थेव उवागयाण ऊणा ते ।
चिक्खल्ल वास रोहेण, वा वि तेण ट्ठिया ऊणा ॥५९॥

वेतावच्चं करेति, भावंमि खओवसमिए, भावेसु णत्थि । अहवा खओवसमिए भावे सुद्धातो सुद्धतरं एवमादिसु परिणमंतस्स भावेसु ठवणा भवति ॥५६॥

(६) (प्रा०चू०) एवं ताव दव्वादि समासेण भणितं । इदाणिं एते चेव वित्थरेण भणिहामि । तत्थ ताव पढमं कालट्ठवणं भणामि । किं कारणं ? जेण एवं सुत्तं कालट्ठवणाए सुत्तादेसेणं परूवेतव्वं । **कालो समयादीओ** गाहा । असंखेज्ज-समया आवलिया । एवं सुत्तालावएणं जाव संवच्छरं । एत्थ पुण उडुबद्धेण वासारत्तेण य पगतं अधिगार इत्यर्थः । तत्थ पाउसे पवेसो वासावास-पाउग्गे खेत्ते । सरते तातो निग्गमणं ॥५७॥

(७) (प्रा०चू०) ऊणातिरित्त० गाहा । चत्तारि हेमंतिया मासा, चत्तारि गिम्हमासा एते अट्ठ विहरंति । ते पुण अट्ठ मासा ऊणया अतिरित्ता वा विहरिज्जा ॥५८॥

(८) (प्रा०चू०) कथं पुण ऊणा वा अतिरित्ता वा भवंति ? । तत्थ ताव जधा ऊणा भवंति तधा भण्णति—**काऊण** पुव्वद्धं० गाहा ।

मासाऽहेषु । भावस्य औदयिकस्य स्थापना, वाम (एवं) क्षायिकभावं सङ्क्रान्तस्य शेषाणां भावानां परिवर्जना । भावेन निर्जरार्थिकेन भावैनिर्जरार्थैः सङ्ग्रहार्थादिभिः क्षायोपशमिके एव, भावेषु नास्ति ॥५६॥

(६) (अव०) कालः समयादिकः । समयादिकाले प्रकृतम्=अधिकारः । तां कालस्थापनां प्ररूपयिष्यामि । प्रावृषि प्रवेशं शरदि निर्गमनं च प्रवक्ष्यामि ॥५७॥

